उत्तर रेलवे

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (Railway Recruitment Cell)

लाजपत नगर-I, नई दिल्ली – 110024

वेबसाइट: www.rrcnr.org

सूचना संख्या - 2

सीईएन सं. 08/2024 (लेवल-1 पद)

शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test – PET) हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

CEN RRC 08/2024 के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test -PET) के नोटिस/ सूचना संख्या - 1 दिनांक 27.07.2026 के संदर्भ में

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे द्वारा सूचित किया जाता है कि **सीईएन सं. 08/2024** के अंतर्गत कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) हेतु निर्धारित प्रावधानों के अनुसार बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं:

1. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को सीईएन सं. 08/2024 के प्रावधानों के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया है।

2. जिन अभ्यर्थियों ने **उत्तर रेलवे** का विकल्प दिया है तथा जिन्हें **सीईएन सं. 08/2024** के अंतर्गत PET हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया है, उनकी **शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET)** का आयोजन अस्थायी रूप से **01.09.2026, 02.09.2026, 03.09.2026, 05.09.2026, 06.09.2026, 07.09.2026 एवं 08.09.2026** को निम्नलिखित स्थान पर प्रस्तावित है—

रेलवे स्टेडियम, रेल विहार कॉलोनी,

डीआरएम कार्यालय परिसर के निकट, अम्बाला छावनी (हरियाणा)

उपरोक्त कार्यक्रम **अस्थायी (Tentative)** है तथा मौसम की परिस्थितियों अथवा प्रशासनिक आवश्यकताओं के कारण इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना **RRC/उत्तर रेलवे की वेबसाइट**, SMS एवं ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे PET से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से **RRC/उत्तर रेलवे की वेबसाइट (www.rrcnr.org)** देखते रहें।

3. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) उत्तीर्ण करना अनिवार्य है तथा यह केवल **अर्हकारी (Qualifying)** प्रकृति की होगी। PET के मानक निम्नानुसार हैं—

शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET)	क. पुरुष अभ्यर्थी	ख. महिला अभ्यर्थी
भार वहन परीक्षण (Weight Carrying Test)	35 किलोग्राम वजन को उठाकर 2 मिनट में एक चांस में वजन को नीचे गिराए बिना 100 मीटर तक ले जाने में सक्षम होना चाहिए, और	20 किलोग्राम वजन को उठाकर 2 मिनट में एक चांस में वजन को नीचे गिराए बिना 100 मीटर तक ले जाने में सक्षम होना चाहिए, और
दौड़ (Running Test)	1000 मीटर की दूरी को 4 मिनट और 15 सेकेंड में एक ही चांस में दौड़ने में सक्षम होना चाहिए।	1000 मीटर की दूरी को 5 मिनट और 40 सेकेंड में एक ही चांस में दौड़ने में सक्षम होना चाहिए।

(ग) ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी- ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए महिला अभ्यर्थियों के समान शिथिल (Relaxed) PET मानक लागू होंगे।

4 . शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) दो चरणों में आयोजित की जाएगी—

(क) भार वहन परीक्षण (Weight Carrying Test)

(ख) दौड़ परीक्षण (Running Test)

सबसे पहले भार वहन परीक्षण आयोजित किया जाएगा। केवल वही अभ्यर्थी, जो इस परीक्षण में सफल होंगे, उन्हें निर्धारित विश्राम अवधि के पश्चात दौड़ परीक्षण में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी।

यदि कोई अभ्यर्थी भार वहन परीक्षण में असफल रहता है, तो उसे उसी चरण में PET से बाहर कर दिया जाएगा तथा उसे दौड़ परीक्षण में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी।

5. भार वहन परीक्षण के दौरान अभ्यर्थी को लगभग कमर की ऊँचाई पर रखे प्लेटफॉर्म/बेंच से बिना हैंडल वाला रेत का बोरा (Sand Bag) उठाकर बिना जमीन पर रखे निर्धारित दूरी तक ले जाना होगा। अभ्यर्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी तरीके से बोरा उठा सकता है।

6. सीईएन सं. 08/2024 में वर्णित **दिव्यांगजन (PwBD)** को PET से छूट प्राप्त होगी। तथापि, उन्हें PwBD के लिए निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण (Medical Examination) उत्तीर्ण करना होगा।

7. **कोर्स पूर्ण कर चुके एक्ट अप्रेंटिस (Course Completed Act Apprentices)** को PET से छूट प्राप्त होगी। तथापि, उन्हें संबंधित पद के लिए निर्धारित चिकित्सीय मानकों को पूरा करना होगा।

8. **भूतपूर्व सैनिक (Ex-Servicemen)** को PET से छूट प्राप्त होगी। तथापि, उन्हें लिखित परीक्षा, यदि लागू हो तो निर्धारित शारीरिक मानकों तथा संबंधित पद के लिए निर्धारित चिकित्सीय मानकों को उत्तीर्ण करना होगा।

9. महिला अभ्यर्थी – गर्भावस्था संबंधी घोषणा

(क) प्रत्येक महिला अभ्यर्थी को PET प्रारम्भ होने से पूर्व अपनी गर्भावस्था की स्थिति के संबंध में स्व-घोषणा (Self Declaration) प्रस्तुत करनी होगी।

(ख) यदि अभ्यर्थी स्वयं को गर्भवती नहीं घोषित करती है, तो उसे PET में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी। यदि घोषणा असत्य पाई जाती है, तो PET में भाग लेने से उत्पन्न समस्त जोखिम की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(ग) यदि कोई महिला अभ्यर्थी स्वयं को गर्भवती घोषित करती है, तो उसका गर्भावस्था परीक्षण कराया जाएगा। गर्भावस्था की पुष्टि होने पर, गर्भावस्था की अवधि चाहे जो भी हो, उसे अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित किया जाएगा तथा उसका पैनल प्रसव तक स्थगित रखा जाएगा।

(घ) संबंधित रिक्ति उसके लिए सुरक्षित रखी जाएगी। प्रसव के छह सप्ताह बाद पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर उसे पुनः PET में सम्मिलित किया जाएगा।

(ङ) PET एवं निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में सफल होने पर उसे सुरक्षित रखे गए पद पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी तथा रेलवे बोर्ड के प्रचलित नियमों के अनुसार वरिष्ठता का लाभ दिया जाएगा।

(च) यदि गर्भावस्था परीक्षण नकारात्मक आता है, तो उसे PET में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी।

10. प्रत्येक अभ्यर्थी की यह स्वयं की जिम्मेदारी होगी कि वह PET में भाग लेने के लिए चिकित्सकीय रूप से पूर्णतः स्वस्थ एवं सक्षम हो। PET के दौरान किसी भी प्रकार की चोट, बीमारी अथवा अन्य शारीरिक क्षति के लिए RRC/उत्तर रेलवे अथवा रेलवे प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा।

11. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे PET की संपूर्ण प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए कम-से-कम **03–04 दिनों** के ठहरने, भोजन, यात्रा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ अपने स्तर पर पूर्व से सुनिश्चित कर लें। रेलवे प्रशासन द्वारा आवास, भोजन, परिवहन अथवा अन्य किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

12. PET के **ई-कॉल लेटर (e-Admit Card)** परीक्षा तिथि से लगभग **7–8 दिन पूर्व** RRC/उत्तर रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। अभ्यर्थी समय रहते अपना ई-कॉल लेटर डाउनलोड करें तथा उसमें दिए गए सभी निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन करें। **वैध PET ई-कॉल लेटर (e-Admit Card) के बिना किसी भी अभ्यर्थी को PET स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

13. अभ्यर्थियों को PET ई-कॉल लेटर में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय से पर्याप्त पूर्व परीक्षा स्थल पर उपस्थित होना होगा। विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है तथा PET की तिथि/समय में परिवर्तन का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

14. PET में उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्नलिखित दस्तावेज/सामग्री साथ लाएँ—
(i) PET ई-कॉल लेटर की मुद्रित प्रति।
(ii) मूल आधार कार्ड।
(iii) ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किए गए फोटो के समान चार (04) नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो।
(iv) ई-कॉल लेटर में उल्लिखित अन्य आवश्यक दस्तावेज।

15. आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण

आधार अधिनियम, 2016 (संशोधित) तथा आधार प्रमाणीकरण नियम, 2020 के प्रावधानों के अनुसार अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित करने एवं प्रतिरूपण तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से PET से पूर्व अथवा PET के दौरान स्वैच्छिक आधार पर आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी अपना **मूल आधार कार्ड** साथ लाना सुनिश्चित करें।

16. अभ्यर्थी PET हेतु उपयुक्त खेलकूद परिधान (Sports Attire) एवं स्पोर्ट्स शूज़ पहनकर आएँ। वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए छाता अथवा रेनकोट भी साथ लाने की सलाह दी जाती है।

17. PET में सफल अभ्यर्थियों को सीईएन सं. 08/2024 के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित रिक्तियों के **1:1 अनुपात** में दस्तावेज सत्यापन (Document Verification) एवं चिकित्सीय परीक्षण (Medical Examination) हेतु बुलाया जाएगा।

18. यदि कोई अभ्यर्थी PET/DV के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, प्रतिरूपण (Impersonation) का प्रयास करता है अथवा किसी अन्य व्यक्ति को अपने स्थान पर परीक्षा में भेजता है, तो उसकी उम्मीदवारी तत्काल निरस्त कर दी जाएगी, उसे भविष्य में आयोजित सभी RRB/RRC परीक्षाओं से वंचित (Debar) किया जाएगा तथा उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

19. पात्रता, PET/DV का संचालन, रिक्तियों में संशोधन, चयन, पैनल, पद आवंटन अथवा भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में रेलवे भर्ती बोर्ड/रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार अथवा पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।

20. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे PET, दस्तावेज सत्यापन, चिकित्सीय परीक्षण तथा भर्ती प्रक्रिया के आगामी चरणों से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से RRC/उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **(www.rrcnr.org) का अवलोकन करते रहें।**

14/8/26

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
उत्तर रेलवे